दिन—मंगलवार दिनांक— 30/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संसद ने वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत — जी राम जी विधेयक पारित किया है। श्री चौहान ने भोपाल में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जी राज जी विधेयक का उद्देश्य मनरेगा योजना की कमियों को दूर करना है। विपक्ष के योजना का नाम बदलने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि अतीत में भी विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए रोजगार संबंधी योजनाओं के नाम कई बार बदले थे। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत—जी राम जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री की गति शक्ति पहल से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में बेरोजगारी भत्ता के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल है और अधिनियम के तहत आवश्यक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

———————————————————————————

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि कल वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में ड्राइविंग लाईसेंस से संबंधित सभी लंबित मामलो का निपटारा किया जायेगा। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने कहा कि जिला स्तर पर कैंप लगाकर करीब सवा दो लाख वाहन निबंधन और चालक लाईसेंस के मामले निपटाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि वे स्वयं इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार एन. विजय लक्ष्मी को बिहार राज्य योजना परिषद का सचिव बनाया गया है। वहीं, शीर्षत कपिल अशोक को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, के. सेंथिल को गन्ना उद्योग विभाग, पंकज कुमार को ग्रामीण विकास विभाग, नर्मदेश्वर लाल को कृषि विभाग और विनय कुमार को नगर विकास एवं आवास विभाग में सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। इधर, एक

अहम फैसले में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस का निलंबन समाप्त कर उन्हें राजस्व परिषद का अपर सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कई अधिकारियों को विभिन्न प्रमंडलो में आयुक्त का कार्यभार सौंपा गया है।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भाग में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं, कई स्थानों पर घने कुहासे के कारण भी रेल, सड़क और हवाई यातायात पर असर पड़ा हुआ। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि चार जनवरी तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, बक्सर, कैमूर, रोहतास, समस्तीपुर, मधेपुरा, सहरसा, किशनगंज, अररिया समेत राज्य के चौबीस जिलों में शीतदिवस का अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के उत्तर—मध्य, उत्तर—पूर्व, उत्तर—पश्चिम भागों में अनेक स्थानों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————————————

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतरेश ने दो हजार छब्बीस का नव वर्ष संदेश हिंदी में जारी किया। यह संयुक्त राष्ट्र में हिंदी की पहुँच बढ़ाने के भारत के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हिंदी पाठ और हिंदी उपशीर्षकों वाले वीडियो के साथ, श्री गुतेरश ने अराजकता और अनिश्चितता से घिरे विश्व के बारे में कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने वैश्विक नेताओं से सैन्य खर्च से ध्यान हटाकर विकास सहायता पर केंद्रित करने का आग्रह किया है।

———————————————————————————

सुपौल स्थित एसएसबी की पैंतालीसवीं वाहिनी ने आज वीरपुर और अन्य सीमा चौकियो पर वंदे मातरम् और तिरंगा साइकिल रैली निकाली। इसके माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और नागरिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

———————————————————————————

अररिया जिला नियोजनालय में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न कंपनियां शामिल हो रहीं है। इच्छुक युवा आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो, निबंधन फॉर्म और मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ शिविर में भाग ले सकते हैं।

———————————————————————————

खगड़िया जिला के मानसी थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या इकतीस पर अज्ञान वाहन की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोहरे के कारण यह हादसा हुआ।

———————————————————————————

समाप्त